प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 24.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)
मुख्य समाचार

1. **रांची से दिल्ली जा रहा एक एयर एंबुलेंस चतरा में हुआ क्रैश, दो पायलट और एक डॉक्टर समेत सभी सात लोगों की मौत।**

2. **वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर आज विधानसभा में पेश करेंगे वित्तीय वर्ष 2026–27 वार्षिक बजट, सामाजिक सुरक्षा पर रहेगा खास जोर।**

3. **राज्य के 48 शहरी स्थानीय निकायों में करीब 62 प्रतिशत हुआ मतदान, सरायकेला में सबसे अधिक और रांची में सबसे कम हुई वोटिंग।**

4. **राज्य के मौसम में आया बदलाव, रांची, पलामू, हजारीबाग समेत कई जिलों में तेज आंधी के साथ हुई बारिश, आज के लिए भी येलो अलर्ट जारी।**

5. **झारखंड की महिला फुटबॉल टीम ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में बनायी जगह, राष्ट्रीय खेलों में राज्य का करेगी प्रतिनिधित्व।**

****

चतरा जिले में सिमरिया के पास एक एयर एंबुलेंस विमान कल देर शाम दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान में सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। यह विमान रांची से दिल्ली जा रहा था। बताया जाता है कि रेडबर्ड एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित यह विमान शाम 7 बजकर 11 मिनट पर रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, उन्होंने रात के समय जंगल की ओर से एक जोरदार धमाके की आवाज सुनी और काला धुआं उठते देखा गया।

****

विधानसभा में आज राज्य का वार्षिक बजट पेश किया जाएगा। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर सदन के पटल पर वित्तीय वर्ष 2026–27 का लेखा–जोखा रखेंगे। इस बार का बजट विशेष है क्योंकि सरकार ने बजट पूर्व गोष्ठियों के माध्यम से विशेषज्ञों और आम जनता से सीधे सुझाव मांगे थे।

****

राज्य के 48 शहरी स्थानीय निकायों में कल मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सभी मतपेटियां विभिन्न जिलों में बनाये गये स्ट्रांग रुम में सील कर दिये गये हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी के अनुसार शाम पांच बजे तक कुल 61 दशमलव आठ चार प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। राजधानी रांची में सबसे कम 43 दशमलव दो आठ प्रतिशत वोट पड़े, जबकि सरायकेला में सर्वाधिक 75 दशमलव तीन पांच प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने रांची डीसी से कम मतदान पर रिपोर्ट मांगी है।

****

निकाय चुनाव के बाद अब राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने पार्टी समर्थित उम्मीदवारों की बड़ी जीत का दावा किया है। हालांकि, उन्होंने राज्य सरकार पर प्रशासनिक दुरुपयोग और बोगस मतदान का आरोप लगाते हुए मतगणना में गड़बड़ी होने पर सड़क पर उतरने की चेतावनी दी है।

****

इधर झामुमो ने अपनी जीत का दावा किया है। पार्टी के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि शहरी निकायों में झामुमो समर्थित दो–तिहाई प्रत्याशियों की जीत तय है। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस बार उनका ईवीएम टोटका नहीं चला।

****

गिरिडीह में निकाय चुनाव के बाद वार्ड संख्या 18 में हुई फायरिंग और पत्थरबाजी के बाद बोकारो आईजी और हजारीबाग डीआईजी घटना स्थल पर कैंप कर रहे हैं। घटना से आक्रोशित लोगों द्वारा किये जा रहे सड़क जाम को रात में ही पुलिस ने खत्म कराया। डीआईजी ने बताया कि स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। इस बीच, गोलीबारी के आरोपी शिवम आजाद को झामुमो ने पार्टी से निलंबित कर दिया है।

****

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, भारत में ग्रामीण परिवर्तन का एक मजबूत आधार बनती जा रही है। यह केवल तकनीकी उपयोग नहीं, बल्कि समावेशी विकास लक्ष्यों के अनुरूप एकीकृत सार्वजनिक अवसंरचना के रूप में आकार ले रही है। एक रिपोर्ट

****

राज्य सरकार आज पंजाब नेशनल बैंक के साथ स्टेट गवर्नमेंट सैलरी पैकेज के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर करेगी। रांची के प्रोजेक्ट भवन में आज दोपहर दो बजे आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर मौजूद रहेंगे।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से जमशेदपुर स्थित मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के प्रभारी डीन डॉ. हरीश चंद्र बंधु ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री को 26 फरवरी को कॉलेज परिसर में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया।

****

देवघर में पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पथरौल थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में छापेमारी कर पुलिस ने चार शातिर साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है।

****

राज्य में मौसम ने करवट ली है। राजधानी रांची सहित, पलामू, चतरा, हजारीबाग और लातेहार में बीती रात तेज आंधी और बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आज के लिए भी येलो अलर्ट जारी किया है।

****

झारखंड की महिला फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है। रांची के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय ट्रायल के बाद विभिन्न खेलों के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने चतरा में एयर एम्बुलेंस के क्रैश होने और नगर निकाय चुनाव में मतदान की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

प्रभात खबर लिखता है– वोटिंग के दौरान गिरिडीह में चलीं गोलियां, मानगो व रांची में भी कई जगह हुई झड़पें।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– रांची में 43 दशमलव तीन पांच प्रतिशत मतदान, बूथ अव्यवस्था पर डीसी को शोकॉज।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– हेमंत सरकार आज पेश करेंगी अबुआ दिशोम बजट।

दैनिक जागरण के अनुसार– निष्क्रिय खातों में जमा 11 हजार करोड़ रुपये खाताधारकों को लौटायेगा ईपीएफ।

****